



## एक नजर में

### देवलाबिहार शादी समारोह में परोसी गई भोजन सामग्री के खाद्य विभाग अधिकारियों ने लिए सैंपल



**शाजापुर।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने देर रात 11 बजे देवलाबिहार पहुंच कर शादी समारोह में परोसे गए खाने में से बचे खाने में से जीरा राइस, मावा के लड्डू, तुअर दाल, मक्का एवं गेहूं के मिक्स आटे बाफले जो वनस्पति में तल कर खिलाए गए थे सहित 4 सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए हैं। सीएमएचओ डॉ। कमला आर्य के निर्देश पर जिला स्तरीय आरआरटी टीम के साथ घनश्याम सौराष्ट्रीय निवासी होली चौक गांव देवला बिहार के घर पहुंचे, जहां सुबह 10 बजे से दोपहर तक शादी समारोह के दौरान लड्डू दाल बाफले के खाने से कुछ लोग पेट दर्द, उल्टी, दस्त से पीड़ित हो गए थे। घटना होने पर देर शाम एवं रात स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इलाज करने पहुंचे। ज्यादा लोगों के बीमार होने की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने पर आरआरटी टीम दल प्रभारी अजय साल्विया द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल को भी मौके पर बुलाया गया और खाद्यान के नमूने लिए गए।

### कलाकारों का सम्मान किया



**शुजालपुर।** कृषि उपज मंडी शुजालपुर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन में ग्राम झोंकर के प्रख्यात लोक कलाकार बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धौलपुरे, धौलपुरे पार्टी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मालवी लोक संगीत एवं कबीर भजन मंडल ग्राम झोंकर के कलाकारों ने विवाह समारोह पर आधारित पारंपरिक लोकगीत, कबीर भजन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। साथ ही भक्ति संगीत में राम-कृष्ण से जुड़े लोकगीत और भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार तथा अन्य मंचासीन अतिथियों ने बाबूलाल धौलपुरे और दिनेश कुमार धौलपुरे को भगवान श्रीराम का चित्र एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। धौलपुरे पार्टी के अन्य कलाकारों में आदित्य धौलपुरे, अशोक सिलोदिया, गुरुचरण, भेरूलाल परमार और बाबूलाल राजोरिया सहित अन्य सदस्य भी शामिल रहे, जिन्हें भी मंच से सम्मानित किया गया।

### अवमानक दूध के संग्रहण और विक्रय पर संचालक पर एक लाख रुपये का जुर्माना

**सोयतकलां।** अवमानक दूध के संग्रहण एवं विक्रय के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा संबंधित डेयरी संचालक पर एक लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएल कुम्भकार द्वारा 08 अगस्त 2023 को चलित खाद्य प्रयोगशाला मोबाइल फूड लैब के माध्यम से ऑन स्पॉट जांच की गई थी। जांच के दौरान सोयत स्थित बाबा देव दूध डेयरी के फ्रीज के दो अलग अलग चैंबरों में संग्रहित भैंस के दूध के नमूने लिए गए थे। प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट दिनांक 30 अक्टूबर 2023 एवं 14 दिसंबर 2023 में दोनों नमूने अवमानक पाए गए। इसके आधार पर संबंधित संचालक मांगीलाल राठौर के विरुद्ध विधिवत अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में दोनों पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया। पारित आदेश 11 मार्च 2026 के अनुसार न्याय निर्णायक अधिकारी एवं पदेन अपर जिला मजिस्ट्रेट जिला आगर मालवा द्वारा संचालक पर एक लाख रुपये की जुर्माना राशि अधिरोपित की गई। उक्त जुर्माना राशि 15 दिवस के भीतर जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार के माध्यम से भू राजस्व संहिता एवं अधिनियम की धारा 96 के अंतर्गत वसूलीध्कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राशि जमा होने तक संबंधित की खाद्य अनुज्ञप्तिध्पंजीयन निलंबित रहेगा।

### लोक अदालत में 602 प्रकरणों का निराकरण हुआ

**शुजालपुर, 15 मार्च।** तहसील न्यायालय शुजालपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार किया गया। लोक अदालत की अध्यक्षता तृतीय जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर की अध्यक्ष सपना पोर्ते ने की। वर्ष 2026 की प्रथम लोक अदालत में न्यायालय में लंबित लिटिगेशन प्रकरणों के साथ ही न्यायालय में दर्ज होने से पूर्व के प्री लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया गया। लोक अदालत में कुल 602 प्रकरणों का आपसी समझौते से निराकरण हुआ। इनमें 118 लिटिगेशन और 484 प्री लिटिगेशन प्रकरण शामिल रहे। इन मामलों में कुल 2 करोड़ 12 लाख 54 हजार 334 रुपये की समझौता राशि प्राप्त हुई। लोक अदालत को सफल बनाने में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते प्रथम जिला न्यायाधीश अभिलाष जैन, चतुर्थ जिला न्यायाधीश दुर्गा सोलंकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राम अचल पाल एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गजल पालवा सहित अधिवक्ता, लोक अभियोजन कार्यालय के अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी, राजस्व, विद्युत विभाग, बैंक शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।

**सुलह से फिर साथ आए दंपती**

नेशनल लोक अदालत में एक वर्ष से अलग रह रहे दंपती के बीच सुलह कराते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गजल पाहवा के न्यायालय में घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत लंबित प्रकरण किरण बनाम विनोद की सुनवाई के दौरान लोक अदालत में समझाईश और संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। करीब एक वर्ष से अलग रह रहे पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर फिर साथ रहने का निर्णय लिया। लोक अदालत में भावुक माहौल के बीच दंपती ने एक-दूसरे को माला पहनाकर नए सिरे से जीवन शुरू करने का संकल्प लिया। सुलह प्रक्रिया में अधिवक्ता विष्णु राठौर, धारणा जायसवाल, इशाक खान तथा सुलहकर्ता महेशचंद्र गोस्वामी की अहम भूमिका रही। तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं तृतीय जिला न्यायाधीश सपना पोर्ते के मार्गदर्शन में हुए इस समाधान से दोनों पक्षों और उनके परिजन खुशी के साथ घर लौटे।

# जिला जेल की दीवार फांदकर दिनदहाड़े कैदी फरार

## पुलिस महकमे में हड़कंप, 307 के अपराध में जेल में बंद था आरोपी

**शाजापुर। जिला जेल की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था उस वक्त पूरी तरह से सवालों के घेरे में आ गई, जब रविवार को दिनदहाड़े एक विचाराधीन बंदी जेल की ऊंची दीवार कूदकर फरार हो गया। हत्या के प्रयास धारा 307 जैसे गंभीर मामले में बंद इस आरोपी के भागने की खबर से जेल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना के तुरंत बाद जिलेभर में नाकाबंदी कर पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।**

जानकारी के अनुसार यह सनसनीखेज घटना रविवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच की है। बताया जा रहा है कि बंदी जेल परिसर के भीतर ही किसी कार्य में लगा हुआ था। इसी दौरान उसने सुरक्षाकर्मियों की नजर बचाई और मौका पाते ही जेल की दीवार फांदकर भाग निकला। बंदी के गायब होने का पता चलते ही जेल अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए और आनन फानन में स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई।



जेल से फरार कैदी




**चार महीने से जेल में बंद था आरोपी जीवन**

घटना की भनक लगते ही लालघाटी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। लालघाटी थाने में पदस्थ एसआई हेमंत पटेल ने बताया कि फरार बंदी का नाम जीवन उर्फ जयराम है। आरोपी पिछले चार महीनों से धारा 307 हत्या के प्रयास के तहत जिला जेल में बंद था। वह मक्सी नई आबादी का रहने वाला है। बंदी के फरार होने के बाद आसपास के सभी संभावित ठिकानों और मार्गों पर चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस टीमें बनाकर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। एसआई हेमंत पटेल ने दावा किया है कि पुलिस की घेराबंदी मजबूत है और फरार बंदी को जल्द ही दोबारा गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

**कैदी राहुल सभागृह में मिला...**

जेल अधीक्षक दुष्यंत पगारे से मिली जानकारी के अनुसार बंदी जीवन उर्फजयराम पानी के पाइप की मदद से जेल की दीवार फांदकर फरार हो गया, जबकि कैदी राहुल ने भी भागने की कोशिश की थी, लेकिन वहां भागने में कामयाब नहीं हो सका। जिसे जेल प्रहरियों ने जेल सभागृह से पकड़ा। जेल प्रहरियों द्वारा कैदी राहुल से पूछताछ की जा रही है। साथ ही फरार कैदी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

# 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, उज्जैन के निकले आरोपी

## रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले अज्ञात आरोपियों को सुनेरा पुलिस ने पकड़ा

**शाजापुर। कुछ दिनों पहले एक रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले दो अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सुनेरा पुलिस कामयाब रही है। अज्ञात आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले वहीं सायबर सेल की भी मदद लेना पड़ी। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस आरोपियों को तलाशने में सफल हो सकी।**




गौरतलब है कि 4 मार्च को फरियादी अफजल पिता रोशन खां निवासी रेलवे कालोनी शाजापुर के साथ दो अज्ञात लोगों द्वारा एबी रोड़ मझानिया जोड़ पर मारपीट की गई थी। जिस पर से थाना सुनेरा पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया था।

अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन पर थाना प्रभारी उनि अंकित मुकाती के द्वारा टीम गठित की गई। टीम के द्वारा घटना दिनांक से ही लगातार अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए भरसक प्रयास किए गए।

### आरोपियों का सुराग लगाने के लिए ली सायबर सेल की मदद...

पुलिस टीम द्वारा करीबन 100 सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। वहीं सायबर सेल की मदद भी ली गई। इसके बाद 15 मार्च रविवार को अफजल के साथ मारपीट करने वाले 2 अज्ञात बदमाश के मामले को ट्रेस कर पकड़ा गया। जिनके नाम सरफराज उर्फ सलमान पिता रशीद खां जाति मुसलमान उम्र 29 साल निवासी आजाद नगर इन्दौर हाल मुकाम चकोर पार्क कालौनी उज्जैन एवं राकेश पिता ओमप्रकाश कैथवास जाति हरिजन उम्र 39 साल निवासी 43 गजानन्द नगर उज्जैन सामने आए। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि समशेर व राशिद के कहने पर अफ्जल के साथ मझानिया के पास एबी रोड़ पर मारपीट की थी। उक्त दोनों आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा व मोटरसायकल जप्त की गई तथा राशिद भी पकड़कर पूछताछ की गई।

### नौकरी को लेकर रखते थे पुरानी रंजिश

जिसके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया व बताया कि अफजल से रेलवे में नौकरी को लेकर पुरानी रंजिश रखता था इसीलिए राशिद द्वारा उसके जीजा समशेर की मदद से सरफराज व राकेश को बुलाकर मारपीट कराई गई। प्रकरण मे एक आरोपी समशेर फरार है, जिसकी तलाश जारी है, आरोपी सरफराज उर्फ सलमान पिता रशीद खां जाति मुसलमान उम्र 29 साल निवासी आजाद नगर इन्दौर हाल मुकाम चकोर पार्क कालोनी उज्जैन का थाना कोतवाली शाजापुर के चोरी के प्रकरण मे स्थाई वारंटी होने से पुलिस अधीक्षक शाजापुर द्वारा 5000 रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक अंकित मुकाती थाना प्रभारी सुनेरा, प्रआर रामनरेश धाकड़, प्रआर कपिल नागर, प्रआर हरिसिंह यादव, आर राधिका सक्सैना, आर सुधीर तोमर, आर अखिलेश भंडारी, आर अरुण यादव, आर गोविंद, आर रुपेन्द्र सायबर सेल प्रभारी विकास तिवारी, आर घनश्याम, राजेश व अनिल का विशेष योगदान रहा।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, प्रकरण दर्ज

**शुजालपुर।** शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है, पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम भूगोर निवासी 19 वर्षीय युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 15 मार्च 2026 को वह अपनी मौसी के घर गई हुई थी। उसी दौरान घर पर मौजूद आरोपी तपेश गोस्वामी ने उसे अकेला पाकर उसका हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें करने की कोशिश की। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना के समय पीड़िता का छोटा भाई भी घर में था, जिसने शोर सुनकर बाहर आकर उसे बचाया। बाद में पीड़िता ने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी। परिजन के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# नागर और जोशी बने श्रीकृष्ण व्यायाम शाला के ट्रस्टी



**शाजापुर। श्रीकृष्ण व्यायाम शाला ट्रस्टी के पद पर सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं। आशीष नगर एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष पं। संतोष जोशी को नियुक्त किया गया है।**

हाल ही में आयोजित बैठक में श्रीकृष्ण व्यायाम शाला के रिक्त पदों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जहां पं। आशीष पिता स्व। सुरेंद्र नागर व पं। संतोष पिता स्व। श्री कृष्ण जोशी के नाम का प्रस्ताव श्री कृष्ण व्यायाम शाला ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने रखा, जिस पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी और श्री नागर व श्री जोशी को सर्व सम्मति से श्री कृष्ण व्यायाम शाला का ट्रस्टी नियुक्त किया गया। साथ ही बैठक में श्री कृष्ण व्यायामशाला वर्ष भर के कार्य की समीक्षा व कार्यों की जानकारी दी गई। पंडित आशीष नागर व पंडित संतोष जोशी के ट्रस्टी नियुक्त होने पर इष्ट मित्रों व नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बैठक में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रूपकिशोर नवाब, ट्रस्टी विधायक अरुण भीमावद, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रामकिशन यादव, गिरीश भावसार, ट्रस्टी तुलसीराम भावसार, पदेन सदस्य सुखदेव भावसार, संजय सोनी आदि उपस्थित थे।

# 1300 रुपए दो तो घर पहुंचेगा गैस सिलेंडर!

## शाजापुर में गैस माफियाओं की खुली लूट, गोदामों पर उमड़ रही भारी भीड़




**शाजापुर। शहर में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर मची हाहाकार के बीच एक बड़ा खेल चल रहा है। आम जनता गैस के लिए गोदामों के चक्कर काट रही है, जबकि प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि गैस एजेंसियां और हॉकर सिलेंडर की किल्लत के पीछे ईरान, इजराइल और अमेरिका के युद्ध का हास्यास्पद बहाना बना रहे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय तनाव का डर दिखाकर शहर में कृत्रिम किल्लत पैदा की जा रही है, ताकि कालाबाजारी का धंधा बेखौफ चल सके।**

प्रशासनिक व्यवस्था को धता बताते हुए हॉकरों और एजेंसियों ने मनमानी शुरू कर दी है। एसडीएम के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कि गैस सिलेंडरों की नियमित होम डिलीवरी की जाए, इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं। आम उपभोक्ताओं के घरों तक गैस सिलेंडर नहीं पहुंचाए जा रहे हैं। मजबूरी में लोग अपना कामकाज छोड़कर गोदामों पर भीड़ लगा रहे हैं, जहां उन्हें घंटों लाइन में लगने और जद्दोजहद के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

### 1300 रूपए में हो रही वीआईपी होम डिलीवरी

एक तरफ जहां आम आदमी के लिए नो डिलीवरी और शॉर्टेज का रोना रोया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ कालाबाजारी करने वालों का अलग ही वीआईपी नेटवर्क चल रहा है और यही कारण है कि जो उपभोक्ता मजबूरी में 1300 रुपए की भारी भरकम रकम चुकाने को तैयार हो जाता है, उसके घर तक तुरंत सिलेंडर पहुंच जाता है। यानी ब्लैक में 1300 रुपए देने वालों के लिए न कोई युद्ध आड़े आ रहा है और न ही कोई किल्लत। सारा संकट सिर्फउन लोगों के लिए है जो निर्धारित मूल्य पर गैस चाहते हैं।

### जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल...

युद्ध का बेतुका बहाना बनाकर खुलेआम चल रही इस लूट खसोट ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनता में भारी आक्रोश है और उनका सीधा सवाल है कि जब ब्लैक में 1300 रुपए में बेचने के लिए सिलेंडर उपलब्ध हैं तो फिर गोदामों पर किल्लत क्यों बताई जा रही है। नागरिकों ने अब जिला प्रशासन से सख्त मांग की है कि गोदामों के स्टॉक की तुरंत चेकिंग की जाए और अंतरराष्ट्रीय युद्ध की अफवाह फैलाकर कालाबाजारी करने वाले इस पूरे सिंडिकेट पर कड़ी कार्रवाई की जाए।


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम महूपुरा नगर पालिका परिषद शाजापुर अंतर्गत वार्ड नंबर 1 धोबी चौराहा शाजापुर तहसील व जिला शाजापुर मप्र स्थित भूमि सर्वे नंबर 349/1/मिन-1, 349/1/मिन-2, 349/1/मिन-3, 349/1/ मिन- 4 कुल नंबर-04 कुल रकबा 0.057 हैक्टे. पर निर्मित 6149 वर्गफीट याने 571. 45 वर्गमीटर का आरसीसी निर्मित व्यवसायिक भवन, जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में एबीरोड, पश्चिम में मेहबूबा बी आदि की भूमि, उत्तर में गोरधनसिंह पिता चेनसिंह आदि की भूमि व दक्षिण में मीना गुप्ता का भूखण्ड स्थित है, जिसके वर्तमान स्वामी श्री सचिन पाटीदार पिता सियाराम कुल्मी निवासी वार्ड नंबर 29 एबी रोड बीज निगम के पीछे श्रीकृष्ण कॉलोनी शाजापुर तहसील व जिला शाजापुर मप्र है. जिसे वर्तमान स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार को विक्रय करने का अनुबंध किया है एवं गवाहों के समक्ष बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है. अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति में किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्रायवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋण या भार हो या लेना देना हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर स्वामित्व या कब्जे के संबंध में किसी पारिवारिक सदस्य को कोई आपत्ति या विवाद हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण के विधिवत मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि उनका उचित निराकरण किया जा सके. बाद मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं कि जावेगी तथा विक्रय पत्र का संपादन करा लिया जावेगा. सूचित हो. दिनांक 15/03/2026


**रोहित भट्ट (एडव्होकेट)**
**न्यायालय के सामने जोशी भोजनालय के पास**
**लालघाटी शाजापुर मो. 9407156005**


## एक नजर में

## जिम्मेदारों की चौखट पर दस्तक देकर थके रहवासी, नहीं हो रही कोई सुनवाई

# वार्ड 26 में नलों से आ रहा सीवरेज का दूषित पानी, लोग परेशान

**शाजापुर। आसमान से बरसती आग और सूखते हलक के बीच शहर के वार्ड क्रमांक 26 मदरसे के पीछे वाली गली के रहवासी इन दिनों पानी की नहीं, बल्कि दूषित पानी की सप्लाई झेल रहे हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जब हर किसी को शीतल और स्वच्छ पेयजल चाहिए, तब यहां के नलों से सीवरेज का काला, गंदा और सड़ांध मारता हुआ पानी उगल रहा है। लोगों की जान मुसीबत में फंसी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं।**



हालात इतने बदतर हैं कि नलों से आने वाले इस काले पानी को पीना तो दूर, इसके पास खड़े रहना भी मुश्किल है। पीने के पानी की लाइन में सीवरेज का पानी मिल जाने से पूरी सप्लाई दूषित हो चुकी है। ऐसे में 37 डिग्री के आसपास झुलसा देने वाली गर्मी में महिलाओं और बच्चों को पीने के साफ पानी के जुगाड़ के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है, लोग दूर दराज से पानी ढोने को मजबूर हैं।

### क्या महामारी का इंतजार कर रहे जिम्मेदार

रहवासियों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर है, उनका कहना है कि ऐसा नहीं है कि जिम्मेदारों को नलों से टपक रही बीमारी की जानकारी नहीं है। कई दिनों से लगातार नगरपालिका के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की जा रही है, लेकिन हर बार निराकरण की बजाय आश्वासन दिया जा रहा है। सिस्टम की यह लापरवाही एक बड़ा सवाल खड़े करती है, क्या जिम्मेदारों को इलाके में डायरिया या हैजा जैसी किसी भयंकर महामारी के फैलने का इंतजार है।

**इनका कहना है**

*नलों से गंदा पानी आने की शिकायत मिली है. मामले को गंभीरता से लेकर निराकृत करेंगे.*

*-भूपेंद्र दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शाजापुर*